**दिनांक- 06.01.2026 को प्रबंध निदेशक वेजफेड, की अध्यक्षता में तिरहुत सब्जी संघ, मोतिहारी अंतर्गत PVCS के अध्यक्ष, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं संघ के अध्यक्ष के साथ Google Meet के माध्यम से आयोजित बैठक की कार्यवाही :-**

**01.आधारभूत संरचना निर्माण की समीक्षा** – तिरहुत सब्जी संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि तिरहुत सब्जी संघ में कुल 40 PVCS में आधारभूत संरचना निर्माण योजना स्वीकृत है 38 PVCS में निर्माण कार्य प्रारंभ है |

**पचदेवरी PVCS:-** अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि आधारभूत संरचना निर्माण हेतु उपलब्ध भूमि पर अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे निर्माण कार्य नहीं हो रहा है | निदेश दिया गया कि भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु सम्बंधित जिला के अपर समाहर्ता को वेजफेड स्तर से पत्र दिया जाय |

**माझा PVCS** :- संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि उपलब्ध भूमि 10,000 वर्ग फीट से कम होने के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो रहा है | निदेश दिया गया कि सम्बंधित जिला के अपर समाहर्ता को शेष भूमि उपलब्ध कराने का पत्र दिया जाय | साथ ही उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि जिले के अपर समाहर्ता एवं सम्बंधित अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर भूमि सम्बन्धी समस्या का समाधान कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाय |

**थावे PVCS** :- PVCS के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि आवेदन प्रस्ताव देने के बाद भी वहाँ योजना की स्वीकृति नहीं मिली है | बताया गया कि योजना की स्वीकृति एक प्रक्रिया के तहत होती है जो अभी प्रक्रियाधीन है जल्द ही उसकी स्वीकृति प्राप्त हो जाएगी |

**औराई PVCS** :- अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि आधारभूत संरचना निर्माण में रोड, सोलर पैनेल का कार्य शेष है | साथ ही यह भी बताया गया कि कोल्ड स्टोरेज लगाने हेतु कंपनी को आर्डर दिया गया है |

**बनकटवा PVCS** :- अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि आधारभूत संरचना निर्माण का 60% कार्य पूर्ण हो गया है |

निदेश दिया गया कि ससमय सभी स्वीकृत PVCS में आधारभूत संरचना निर्माण का कार्य पूर्ण कराया जाय |

**02.प्याज भण्डारण निर्माण की योजना** – समीक्षा के क्रम में पाया गया कि संघ अंतर्गत 25 PVCS में योजना स्वीकृत है जिसमे से 21 में भूमि उपलब्ध है 18 में ले आउट तथा 12 में निर्माण कार्य प्रारंभ है | संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि शेष PVCS हेतु भूमि उपलब्ध करा लिया जायेगा | साथ ही यह भी बताया गया कि MB बुक कराने में समस्या आ रही है | निदेश दिया गया कि अभियंता से सम्बंधित समस्या के लिए सम्बंधित जिला पदाधिकारी को पत्र दे |

नयी योजना की स्वीकृति के सम्बन्ध में बताया गया कि स्थायी वित्त को योजना स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भेजने से पहले सम्बंधित PVCS में सदस्यता, ट्रांजेक्सन आदि देखा जाय | साथ ही प्याज भण्डारण हेतु स्वीकृत 68 PVCS के अलावे यदि कोई प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे नियमानुसार स्वीकृति हेतु स्थायी वित्त को प्रस्ताव भेज दिया जाय|

**03.तरकारी आउटलेट निर्माण की समीक्षा** – संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि 22 PVCS में योजना स्वीकृत है 08 में प्लिंथ तक कार्य हुआ है, शेष में 15 दिनों में कार्य हो जायेगा | फेनहरा PVCS के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि आउटलेट निर्माण हेतु सरकारी भूमि उपलब्ध है परन्तु अंचलाधिकारी द्वारा भूमि उपलब्ध हेतु रूचि नहीं ली जा रही है | निदेश दिया गया कि इस हेतु जिले के अपर समाहर्ता को पत्र दिया जाय | साथ ही यह भी निदेश दिया गया कि ससमय सभी स्वीकृत PVCS में आउटलेट निर्माण का कार्य पूर्ण कराया जाय|

**04.बुनियादी उपकरण उपलब्ध करने की योजना**- संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि 81 PVCS हेतु राशि प्राप्त हुयी है जिसमे से 47 को राशि हस्तांतरित कर दिया गया है, 15 का पेपर प्राप्त हुआ है | इस सप्ताह में शेष सभी को राशि हस्तांतरित कर दी जाएगी | निदेश दिया गया कि यथा शीघ्र चयनित PVCS में बुनियादी उपकरण का क्रय करा लिया जाय एवं क्रय से सम्बंधित प्रतिवेदन वेजफेड को उपलब्ध कराया जाय |

**05.प्लास्टिक कैरेट क्रय की योजना**- संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि कैरेट क्रय हेतु 75% राशि प्राप्त हुयी है | निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो गयी है जल्द ही क्रय कर लिया जायेगा | निदेश दिया गया कि व्यय की गयी राशि से सम्बंधित प्रतिवेदन भेजते हुए शेष राशि की माँग की जाय तत्पश्चात शेष राशि वेजफेड से उपलब्ध करा दी जाएगी |

**06.आलू/टमाटर के बीज/पौधे का वितरण की योजना**- इस सम्बन्ध में संघ से किसानवार बीज/पौधे का वितरण,ऊपज, विपणन से सम्बन्धित प्रतिवेदन उपलब्ध करने का निदेश दिया गया |

**07.PVCS में सदस्यता वृद्धि अभियान की समीक्षा**- इस सम्बन्ध में बताया गया कि योजना का लाभ लेने हेतु PVCS में 200 सदस्य एवं प्रति माह 20 MT व्यवसाय आवश्यक है | परन्तु PVCS में चलाये जा रहे सदस्यता अभियान के तहत प्रतिदिन 100 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखें | इस हेतु PVCS में प्रचार-प्रसार करावें एवं प्रतिदिन चौपाल लगाकर किसानों को योजनओं की जानकारी देकर उन्हें PVCS से जोड़ें |

**थावे PVCS**:- अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि सदस्य बनाने हेतु 10-12 किसानों का आवेदन प्राप्त किया गया है |

**औराई PVCS**:- अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि प्राप्त आवेदन में से 10-12 सदस्य बनाया जायेगा |

**तुरकौलिया PVCS**:- सदस्यता बढ़ाने का निदेश दिया गया |

**कुढनी PVCS** :- बताया गया कि 04 नए सदस्य बनाये गए है |

**गायघाट PVCS** :- बताया गया कि 50 आवेदन प्राप्त हुआ है |

**बांद्रा PVCS** :- बताया गया कि 19 नए सदस्य बनाये गए है |

**बोचहाँ PVCS** :- सदस्यता बढ़ाने का निदेश दिया गया।

**मीनापुर PVCS** :- अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि 21 नए सदस्य बनाये है, सहायक प्रबंधक नहीं आ रहे है। इस सम्बन्ध में निदेश दिया गया कि संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी इसकी जाँच कर प्रतिवेदन उपलब्ध करावें।

मुजफ्फरपुर जिला में काँटी, पारू,मोतीपुर,साहेबगंज, मडवन, सरैया PVCS की उपस्थिति नहीं थी।

**पुरनहिया PVCS** :- सहायक प्रबंधक द्वारा बताया गया कि सदस्यता शून्य है।

तरियानी,पिपराही,शिवहर एवं अन्य सभी PVCS को सदस्यता वृद्धि हेतु निदेश दिया गया।

पृच्छा किये जाने पर सीतामढ़ी के उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया उनके द्वारा सोनवर्षा, डुमरा आदि PVCS में उनके द्वारा सदस्यता अभियान के दौरान भ्रमण किया गया है। सोनवर्षा में 15-20 डुमरा में 10 आवेदन सदस्यता हेतु प्राप्त हुआ है।

**बाजपट्टी PVCS** :- अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि 30-40 आवेदन प्राप्त हुआ है।

**रुन्नीसैदपुर PVCS** :- अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि 150 आवेदन प्राप्त हुआ है। उनके द्वारा बताया गया कि वहाँ महिला सहायक प्रबंधक है प्रखंड का क्षेत्र बड़ा होने के कारण भ्रमण कर कार्य करने में कठिनाई हो रही है अतः पुरुष सहायक प्रबंधक उपलब्ध करने का अनुरोध किया गया।

मेजरगंज रुन्नीसैदपुर एवं अन्य सभी PVCS को सदस्यता वृद्धि हेतु निदेश दिया गया।

गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर, बरौली, गोपालगंज सदर, सिधवलिया, विजयीपुर, उच्चकागाँव, फुलवरिया, हथुआ एवं अन्य सभी PVCS को सदस्यता वृद्धि हेतु निदेश दिया गया।

**कुचायकोट PVCS** :-अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि सदस्यता हेतु 30 किसानों से आवेदन प्राप्त हुआ है।

**माझा PVCS** :- अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि 21 किसानों का आवेदन प्राप्त हुआ है।

**कटेया PVCS** :- अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि 50 किसानों का आवेदन प्राप्त हुआ है।

सिवान जिले से बताया गया कि महाराजगंज PVCS अवक्रमित है। उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिलें में 24 आवेदन सदस्यता हेतु प्राप्त हुआ है।

**बसतपुर PVCS** :- सहायक प्रबंधक द्वारा बताया गया कि 10 किसानों का आवेदन सदस्यता हेतु प्राप्त हुआ है।

**दरौदा PVCS** :- बताया गया कि 04 सदस्य बनाया गया है।

**बडहरिया PVCS** :- बताया गया कि 02 आवेदन प्राप्त हुआ है।

**जीरादेई PVCS** :- बताया गया कि 15 आवेदन प्राप्त हुआ है।

Sam

आंदर, गुटनी, रघुनाथपुर, सिसवन, सिवान सदर हुसैनगंज एवं अन्य सभी PVCS को सदस्यता वृद्धि हेतु निदेश दिया गया |

सारण जिलान्तर्गत गडखा PVCS के सहायक प्रबंधक द्वारा बताया गया कि 30 नए सदस्य बनाये गए है | अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि सदस्यता वृद्धि हेतु प्रचार-प्रसार किया जा रहा है | साथ ही अध्यक्ष द्वारा यह भी बताया गया कि आधारभूत संरचना निर्माण हेतु भूमि चिन्हित किया गया है | निदेश दिया गया कि भूमि उपलब्धता से सम्बंधित प्रस्ताव नियमानुसार उपलब्ध करावें |

**मशरख PVCS** :- सहायक प्रबंधक द्वारा बताया गया कि 15 किसानों का आवेदन प्राप्त हुआ है |

जलालपुर, लह्लादपुर, माझी,दिघवारा, पानापुर, मकेर, तरैया, अमनौर परसा एवं अन्य सभी PVCS को सदस्यता वृद्धि हेतु निदेश दिया गया |

पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत अरेराज PVCS द्वारा बताया गया कि 70 से अधिक किसानों का आवेदन प्राप्त हुआ है |

**बनकटवा PVCS** :- बताया गया कि 65 आवेदन प्राप्त हुआ है |

**फेनहारा PVCS** :-बताया गया कि 30 आवेदन प्राप्त हुआ है |

रामगढ़वा, पहाडपुर, कल्याणपुर, पिपराकोठी एवं अन्य सभी PVCS को सदस्यता वृद्धि हेतु निदेश दिया गया |

बेतिया जिले के उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि तीन PVCS में सदस्यता अभियान के दौरान भ्रमण किये है |

**चनपटिया PVCS** :- अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि 75 किसानों से सदस्यता हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है | साथ ही उनके द्वारा यह भी बताया गया कि बैंक से सम्बद्धता हेतु राशि जमा करने के बाद भी सम्बद्धता प्रदान नहीं की गयी है | इस सम्बन्ध में मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया |

**08.प्रशिक्षण** -किसानवार प्रशिक्षण का कैलेण्डर उपलब्ध कराने की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि संघ से उक्त प्रतिवेदन अप्राप्त है | निदेश दिया गया कि यथाशीघ्र किसानों के प्रशिक्षण से सम्बन्धी कैलेण्डर वेजफेड को उपलब्ध कराया जाय |

**09.ओल, मिर्च. प्याज के बीज वितरण की योजना**- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि ओल, मिर्च. प्याज के बीज वितरण की योजना हेतु किसानों की सूची उपलब्ध नहीं करायी गयी है | इस सम्बन्ध में संघ को निदेश दिया गया कि किसानों की किसानवार सूची DBT, रकवा सहित बनाकर वेजफेड को उपलब्ध कराया जाय | साथ ही तिरहुत संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि " कृषि विभाग द्वारा आपूर्तिकर्ता एजेंसी के साथ सम्बद्ध कर दिया गया है और वेजफेड के द्वारा भी संस्थाओं का नाम उल्लेखित कर विकल्प को सीमित कर दिया गया है |" इस पर प्रबंध निदेशक द्वारा मानक मार्ग दर्शिका में संशोधन / विचार करने का निदेश दिया गया |

Sam

**10.मानव संसाधन उपलब्धता की समीक्षा-** समीक्षोंपरान्त लंबित पदों पर यथा शीघ्र योगदान हेतु HR एजेंसी को पत्र देने, PVCS से कर्मियों की अनुपस्थिति विवरणी उपलब्ध कराने, एजेंसी से विपत्र प्राप्त करने एवं संघ को राशि उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

साथ ही यह भी निदेश दिया गया कि संघ अयोग्य कर्मियों की सूची बनाकर एजेंसी को भेजें ताकि सम्बंधित एजेंसी उसकी जगह कार्यसक्षम कर्मी की उपलब्धता सुनिश्चित कर सके।

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि HR एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराये गए कर्मियों को पहचान पत्र निर्गत नहीं किया गया है। इस सम्बन्ध में निदेश दिया गया कि सम्बंधित संघ के माध्यम से पहचान पत्र निर्गत किया जाय।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया गया।

प्रबंध निदेशक
वेजफेड,बिहार, पटना।

ज्ञापांक- 46 दिनांक- 8/01/2026

प्रतिलिपि:-

1. अपर सचिव, सहकारिता विभाग,बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।
2. सचिव, सहकारिता विभाग, के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।
3. मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी , तिरहुत सब्जी संघ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. सभी उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, तिरहुत सब्जी संघ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. अध्यक्ष , तिरहुत सब्जी संघ, मोतिहारी को सूचनार्थ प्रेषित एवं अनुरोध है कि योजनाओं को ससमय पूर्ण करने हेतु सभी PVCS अध्यक्ष से समन्वय करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए।
6. वेजफेड अंतर्गत सभी सम्बंधित पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रबंध निदेशक
वेजफेड,बिहार ,पटना।